YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
गुरुपूरब दीयां लख-लख वधाइयां



# स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज को नैक ग्रेड

**एनबीटी संवाददाता,लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज कॉलेज अब नैक ग्रेडेड हो गया है। नैक ने कॉलेज को 4 पाइंट रेटिंग में 2.80 पाइंट पाने पर बी ++ ग्रेड दिया है। 11 से 13 सितंबर के बीच नैक की टीम ने कॉलेज का दौरा किया था।

कॉलेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने शुक्रवार को बताया कि कॉलेज ने पहली बार नैक के लिए आवेदन किया था और पहली बार में हमे यह ग्रेड मिला है। हमारी कोशिश है कि तीन से चार साल में हम कॉलेज को अत्याधुनिक बना दें ताकि अगली ग्रेडिंग में हमे ए + ग्रेड मिले।